पीएसएससीआईवीई, भोपाल में एनईपी 2020 के तहत स्कूलों में करियर मार्गदर्शन और परामर्श पर एक दिवसीय कार्यशाला: 18 अक्टूबर 2024

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), भोपाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अंतर्गत स्कूलों में करियर मार्गदर्शन और परामर्श की महत्ता को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षक, शिक्षाविद् और स्कूल शिक्षा में करियर मार्गदर्शन से जुड़े विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएसएससीआईवीई के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक पालीवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ किया गया। उन्होंने संस्थान के विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संस्थान स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और विस्तार को प्रोत्साहित करता है। पीएसएससीआईवीई द्वारा विकसित पाठ्यपुस्तकें देशभर के स्कूलों में पढ़ाई जाती हैं। यह कार्यशाला करियर काउंसिलिंग के लिए विकसित की जा रही मार्गदर्शिका और वेब एप्लिकेशन पर आपके अमूल्य सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। कार्यशाला में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ सलाहकार श्री समीर डेनियल ने कहा कि यह कार्यशाला करियर मार्गदर्शिका की समीक्षा और वाधवानी फाउंडेशन द्वारा विकसित करियर मार्गदर्शिका पर आधारित यूनिक एआई टूल बेस्ड एप्लिकेशन पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि आपके सुझाव हमें इस एप्लिकेशन और करियर मार्गदर्शिका को और भी उपयोगी और सरल बनाने में मदद करेंगे।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो. विनय स्वरूप मेहरोत्रा ने करियर मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर छात्र के पास कम से कम एक कौशल होना चाहिए। इसके लिए छात्रों को सही दिशा दिखाने और शिक्षकों को सक्षम बनाने की जरूरत है। उन्होंने पीएसएससीआईवीई और एनसीईआरटी द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से विकसित की गई 500 कैरियर कार्ड की दो मार्गदर्शिकाओं की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 के अनुसार, हर छात्र तक पहुंचना और उनकी जरूरतों के अनुसार करियर मार्गदर्शन देना अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

वाधवानी फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री सुनिल डहिया, सुश्री प्रीति अरोरा तथा श्री अनस ने वाधवानी फाउंडेशन द्वारा पीएसएससीआईवीई और एनसीईआरटी के सहयोग से विकसित किए जा रहे एआई आधारित करियर काउंसिलिंग वेब एप्लिकेशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एप्लिकेशन बच्चों को उनके कौशल सेट के अनुसार करियर चयन में मदद करेगा और उनके अभिभावकों और शिक्षकों को भी करियर मार्गदर्शन देने में सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यशाला में देशभर के विभिन्न राज्यों से 33 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन करियर मार्गदर्शन और परामर्श के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिससे स्कूली छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में नए रास्ते खुलेंगे।

करियर मार्गदर्शन संसाधनों पर कार्यशाला में भाग लेते प्रशिक्षक और काउंसलर।